दूल्हा बनेंगे मेरे भोले बाबा | By Rekha Udasi

दूल्हा बनेंगे मेरे भोले बाबा
दुल्हन बनेंगी मेरी गौरी मैया
हम भी बनेंगे बाराती आज
नाचेंगे सारी रात
दूल्हा बनेंगे............

हरी ॐ नमः शिवाय
हरी ॐ नमः शिवाय
हरी ॐ नमः शिवाय
हरी ॐ नमः शिवाय

कितना अद्भुत आज नज़ारा
झूम रहा है संसारा सारा
नंदी बाबा भी गाएंगे आज
नाचेंगे सारी रात
दूल्हा बनेंगे............

विष्णु जी आये ब्रह्मा जी आये
नारद मुनि भी वीणा बजाये
भूतों ने शोर मचाया है आज
नाचेंगे सारी रात
दूल्हा बनेंगे............

कितनी सुन्दर प्यारी जोड़ी
भोले शंकर माता गौरी
फूल बरसायेंगे देवता भी आज
नाचेंगे सारी रात
दूल्हा बनेंगे............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%82%e0%a4%b2%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a5%87%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac/